# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

3rd Term Test – 2018

Sub: HINDI GRAMMAR    Class: 4B    F.M: 75

Duration: 2 hrs.    Date: 13.11.2018

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

(खंड क)

1) एक शब्द में उत्तर दो :- (1*5=5)

क) भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है ?

ख) 'ज्ञ' से दो शब्द बनाओ |

ग) वर्णों को मिलाकर शब्द बनाओ :- म् + T +ल् + T

घ) अं को क्या कहते हैं ?

ङ) गाय , लड़की कौन सी संज्ञा है |

2) उचित सर्वनाम शब्द से खाली जगह भरो :- (1*5=5)

क) राज ____________ भाई है |

ख) ____________ क्या पढ़ रहे हो |

ग) मेरे मित्र ने ___________ मदद की |

घ) दूध में _______________ पड़ा है |

ङ) अपना काम ________________ करना चाहिए |

3) विलोम शब्द:- (1*5=5)

शत्रु , स्वस्थ , हिंसा , कोमल , प्रसन्न

4) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*5=5)

आकाश , घर , सूर्य , आदमी , आग

(खंड ख)

1) नीचे लिखे रेखांकित संज्ञा शब्दों की जगह सर्वनाम शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखो :- (3)

कक्षा में अध्यापिका पढ़ा रही है |<u>अध्यापिका</u> हमें पाठ समझा रही है | फिर <u>अध्यापिका</u> ने हमें चित्र बनाने को कहा |घंटी बजी और <u>अध्यापिका</u> की कक्षा समाप्त हो गई |

2) निम्न अनुच्छेद से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखो :- (3)

राज बहुत साहसी है | उसने देखा कि तालाब में एक छोटी लड़की गिर गई | राज ने अपनी सफ़ेद कमीज़ उतारी और तालाब में कूद गया |

3) निम्न सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाओ :- (3)

मेरा , हमारा , उनकी

4) क्रिया शब्दों से वाक्य पूरे करो :- (3)

क) बाग में माली पौधे ________________ |

ख) लड़का तालाब में ________________ |

ग) सुनीता बहुत अच्छा गाना ______________ |

5) गुणवाचक विशेषण के तीन उदाहरण लिखो (वाक्य में )| (3)

6) विशेषण शब्द छाँटकर नीचे लिखो और उसके भेद बताओ :- (3)

राम ने बाजार से पीले आम , चार सेब और तीन किलो चीनी खरीदी |

7) संज्ञा शब्द को छाँटकर नीचे लिखो और उसके भेद बताओ :- (3)

मेरा देश भारत महान है | यहाँ प्रकृति की सुंदरता चारों ओर फैली है |

8) वाक्य सही करके लिखो :- (4)

क) संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं |

ख) 'वह' निजवाचक सर्वनाम है |

ग) हम फल खाया है |

घ) 'दो लीटर' संख्यावाचक विशेषण है |

**(खंड - ग)**

1) निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :- (2*3=6)

क) खाक छानना

ख) गले लगाना

ग) चकमा देना

2) निम्न विशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

दो दर्जन , लंबी , रसीला , सुंदर , विशाल

3) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो :- (4)

क) वर्णों के समूह को क्या कहते है ?

ख) संयुक्त व्यंजन कैसे बने हैं ?

ग) ऑ का प्रयोग कैसे शब्दों में होता है ?

घ) क्रिया के भेदों के नाम लिखो |

4) अपने मित्र को अपने भाई की शादी में बुलाने के लिए एक पत्र लिखो | (5)

5) "मेरा प्रिय व्यक्ति" पर एक अनुच्छेद लिखो | (5)

6) अपठित गद्यांश

वर्तमान युग विज्ञान का युग है | विज्ञान ने हमें बहुत कुछ दिया है | इसमें दूरदर्शन (टेलीविज़न) प्रमुख है |यह मनोरंजन और शिक्षा का प्रमुख साधन बन गया है |अब तो देश के हर गाँव में दूरदर्शन पहुँच गया है |दूरदर्शन पर हम पूरी दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं |यह हमारे जीवन का बहुत महत्वपूर्ण अंग बन गया है |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) वर्तमान युग किसका युग है ? (1)

ख) दूरदर्शन किसका प्रमुख साधन बन गया है? (1)

ग) दूरदर्शन पर हम किसके बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं? (1)

घ) विलोम शब्द लिखो :- (1)

पूरी , गाँव

ङ) वाक्य बनाओ :- शिक्षा (1)

FOR GOD AND COUNTRY

# ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION

3rd Term Test – 2018

Sub: HINDI GRAMMAR
Class: 4B
F.M: 75
Duration: 2 hrs.
Date: 13.11.2018

---

सफाई से काम करो | अशुद्धियों के अंक काटे जायेंगे |

**(खंड क)**

1) एक शब्द में उत्तर दो:- (1*5=5)

क) वर्ण

ख) 'ज्ञ' - ज्ञानी, ज्ञात

ग) म् + ा +ल् + ा - माला

घ) अनुस्वार

ङ) जातिवाचक संज्ञा

2) उचित सर्वनाम शब्द से खाली जगह भरो :- (1*5=5)

क) मेरा ख) तुम ग) मेरी घ) कुछ ङ.) स्वयं / खुद

3) विलोम शब्द:- (1*5=5)

मित्र , अस्वस्थ , अहिंसा , कठोर , अप्रसन्न

4) निम्न शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (1*5=5)

आकाश - नभ , गगन

घर - गृह , सदन

सूर्य - रवि , दिनकर

आदमी - मनुष्य , नर

आग - अनल , पावक

**(खंड ख)**

1) नीचे लिखे रेखांकित संज्ञा शब्दों की जगह सर्वनाम शब्द का प्रयोग करते हुए वाक्य पुनः लिखो :- (3)

कक्षा में अध्यापिका पढ़ा रही है | वह हमें पाठ समझा रही है | फिर उन्होंने हमें चित्र बनाने को कहा |घंटी बजी और उनकी कक्षा समाप्त हो गई |

2) निम्न अनुच्छेद से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखो :- (3)

विशेषण - साहसी, छोटी , सफ़ेद

विशेष्य - राज , लड़की , कमीज़

3) निम्न सर्वनाम शब्दों से वाक्य बनाओ :- (3)

मेरा - मेरा विद्यालय बहुत बड़ा है |

हमारा - हमारा देश महान है |

उनकी - माँ के गिरने से उनकी कमर में चोट आ गई |

4) क्रिया शब्दों से वाक्य पूरे करो :-

क) बाग में माली पौधे लगा रहा है |

ख) लड़का तालाब में तैर रहा है |

ग) सुनीता बहुत अच्छा गाना गाती है |

5) गुणवाचक विशेषण के तीन उदाहरण लिखो (वाक्य में )| (3)

क) मैं अच्छा लड़का हूँ |

ख) मेरा भाई बहुत समझदार है |

ग) सेब लाल होते हैं |

6) विशेषण शब्द छाँटकर नीचे लिखो और उसके भेद बताओ :- (3)

क)पीले - गुणवाचक विशेषण

ख) चार - संख्यावाचक विशेषण

ग)तीन किलो - परिमाणवाचक विशेषण

7) संज्ञा शब्द को छाँटकर नीचे लिखो और उसके भेद बताओ :- (3)

क) देश - जातिवाचक संज्ञा

ख)भारत - जातिवाचक संज्ञा

ग)सुंदरता - भाववाचक संज्ञा

8) वाक्य सही करके लिखो :- (4)

क) संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं |

ख) 'वह' पुरुषवाचक सर्वनाम है |

ग) हमने फल खाया है |

घ) 'दो लीटर' परिमाणवाचक विशेषण है |

**(खंड - ग)**

1) निम्न मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :- (2*3=6)

क) खाक छानना - इधर उधर भटकना

वाक्य - राम नौकरी के लिए खाक छान रहा है |

ख) गले लगाना - प्रेम से मिलना

वाक्य - हमे गरीबों को गले लगाना चाहिए |

ग) चकमा देना - धोखा देना

वाक्य- चोर पुलिस को चकमा देकर भाग गया |

2) निम्न विशेषण शब्दों से वाक्य बनाओ :- (5)

दो दर्जन - मैंने <u>दो दर्जन</u> केले खरीदे |

लंबी - यह इमारत बहुत <u>लंबी</u> है |

रसीला - तरबूज़ एक <u>रसीला</u> फल है |

सुंदर - ताजमहल बहुत <u>सुंदर</u> है |

विशाल - मेरा देश <u>विशाल</u> है |

3) प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो :- (4)

क) वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते है |

ख) संयुक्त व्यंजन दो व्यंजनों के मेल से बनता है |

ग) ऑ का प्रयोग केवल अंग्रेजी से हिंदी में आए शब्दों से होता है |

घ) क्रिया के दो भेद हैं - सकर्मक , अकर्मक |

4) अपने मित्र को अपने भाई की शादी में बुलाने के लिए एक पत्र लिखो | (5)

अपना पता

प्रिय मित्र अमित

सप्रेम - नमस्ते !

आशा है तुम कुशल पूर्वक होगे | मैं यहाँ ठीक हूँ |मैं तुम्हे बताना चाहता हूँ कि मेरे भाई की शादी 25 नवंबर को है |तुम सबको आकर शादी की शोभा बढ़ानी है | अपने आने की सूचना देना | आंटी - अंकल को प्रणाम करना |

तुम्हारा प्रिय मित्र

________________

5) "मेरा प्रिय व्यक्ति" पर एक अनुच्छेद लिखो | (5)

मेरे प्रिय व्यक्ति मेरे पिताजी हैं | वह हमारे लिए बहुत मेहनत करते हैं | वे बैंक में काम करते हैं |वे हमारी सब इच्छा पूरी करते हैं |वे हमेशा हमें सच्चाई और ईमानदारी से काम करने की सलाह देते हैं|

6) अपठित गद्यांश

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो :-

क) वर्तमान युग विज्ञान युग है | (1)

ख) दूरदर्शन मनोरंजन और शिक्षा का प्रमुख साधन बन गया है| (1)

ग) दूरदर्शन पर हम पूरी दुनिया के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं| (1)

घ) विलोम शब्द लिखो :- (1)

पूरी - आधी , गाँव - शहर

ङ) वाक्य बनाओ :- शिक्षा - आजकल <u>शिक्षा</u> बहुत जरुरी है | (1)